तुमसे ही मिली खुशियां

तुमसे ही मिली खुशियां तुम से ज़िंदगानी है,
जो कुछ भी मैं हु बाबा तेरी मेहरबानी है,
तुमसे ही मिली खुशियां तुम से ज़िंदगानी है,

सुना मेरा जीवन था तू बन के बहार मिला,
मेरी नाव ववर में थी बनके पतवार मिला,
पहले गम के आंसू थे अब खुशियों का पानी है,
जो कुछ भी हु मैं बाबा तेरी मेहरबानी है,

कल तक जो न बदला था तूने आज बदल डाला,
तूने मेरे जीने का अंदाज बदल डाला,
कल तक गम की राते थी अब बोर सुहानी है,
जो कुछ भी हु मैं बाबा तेरी मेहरबानी है,

कुछ और नहीं चाहु बस तुझमे ध्यान रहें,
तेरे चरणों में हरदम मेरा ही स्थान रहे,
तेरी छाया में जीवन की हर सांस बितानी है,
जो कुछ भी हु मैं बाबा तेरी मेहरबानी है,

मुझे ऐसी सेवा मिली एह श्याम तेरे कारण,
मैं रोज ही करता हु तेरे नाम का उच्चारण,
तेरी किरपा पे बलिहारी रजनी राजस्थानी है,
जो कुछ भी हु मैं बाबा तेरी मेहरबानी है,

जीवन का हर सपना तुमने साकार किया,
मुझ जैसे निर्गुण को तूने कितना प्यार दिया,
तूने लिख दी महोबत से सोनू की कहानी है,
जो कुछ भी हु मैं बाबा तेरी मेहरबानी है,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/5217/title/tumse--hi-mili-khushiya-tum-se-zindgani-hai-jo-kuch-bhi-main-hu-baba-teri-meharbani-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |